## खबर संक्षेप

### मम्मी-पापा! मोबाइल छोड़ो, हमारा साथ दो: बच्चों का अनोखा प्रदर्शन




**सतना।** चित्रकूट थाना अंतर्गत पालदेव ग्राम पंचायत पौसलहा गांव में स्थित नवीन सरस्वती ज्ञान सागर पौसलहा स्कूल के नन्हें-मुन्हें बच्चों ने एक अनूठा और मार्मिक प्रदर्शन किया। बच्चों ने तख्तियां लेकर अपने माता-पिता से मोबाइल का उपयोग कम करने और उन्हें समय देने की अपील की। उनका संदेश था: "मम्मी पापा आप जैसा हमें बनाएंगे,हम वही बनेंगे। मोबाइल छोड़ कर हमारा साथ दीजिए।" यह प्रदर्शन दिखाता है कि बच्चे अपने माता-पिता द्वारा मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से कितने प्रभावित महसूस कर रहे हैं और वे उनके साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताना चाहते हैं।

### फूड प्वाइजनिंग: 'तेली' खाने से एक ही परिवार के पांच सदस्य बीमार, रीवा रेफर


**सतना।** जिले के रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र के लामी करही गांव में बुधवार को एक ही परिवार के पांच सदस्य फूड प्वाइजनिंग की चपेट में आ गए। इन लोगों ने हाल ही में



ब्याई गाय के पहले दिन के दूध (खीस या तेली) का सेवन किया था। लामी करही गांव निवासी जितेंद्र द्विवेदी के घर गाय ने बछड़े को जन्म दिया था। प्रसव के बाद निकले पहले दूध,जिसे स्थानीय भाषा में 'खीस' या 'तेली' कहा जाता है,को परिवार ने खाया था। दूध पीने के कुछ देर बाद ही परिवार के सभी सदस्यों को तेज उल्टी और दस्त होने लगे। परिजन उन्हें तत्काल रामपुर बघेलान के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं होने पर सभी पांचों को रीवा स्थित संजय गांधी अस्पताल रेफर कर दिया गया,जहां उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों ने आशंका जताई है कि गाय का प्रसव के बाद का पहला दूध अत्यधिक गाढ़ा और गर्म होता है,और इसे पर्याप्त उबालकर या ठीक से संसाधित किए बिना सेवन करने से फूड प्वाइजनिंग हो सकती है।

### जैतवारा कन्या विद्यालय के भोजन में मिले कीड़े, लापरवाही पर सवाल


**सतना।** नगर पंचायत जैतवारा के कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में केंद्रीय रसोई द्वारा भेजे गए बच्चों के भोजन में कीड़े मिलने का गंभीर मामला सामने आया है। इस घटना से विद्यालय में हड़कंप मच गया,जिसके बाद पूरा भोजन फेंकवा दिया गया।



ज्ञात हो कि कुछ ही दिन पहले चित्रकूट नगर पंचायत में भी इसी तरह का मामला प्रकाश में आया था,जिसके चलते जिला पंचायत सीईओ ने निर्मला ज्योति महिला मंडल रीवा पर जुर्माना लगाया था। बार-बार इस तरह की घटनाओं का सामने आना यह स्पष्ट दर्शाता है कि भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता को लेकर घोर लापरवाही बरती जा रही है,जिससे बच्चों के स्वास्थ्य को खतरा हो सकता है।

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को मैहर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मैहर।** पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशन और थाना प्रभारी नादन निरीक्षक रेनू मिश्रा के नेतृत्व में देहात पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जिला अस्पताल सतना में नाबालिग बालिका द्वारा शिशु को जन्म देने की सूचना पर मामला दर्ज किया गया था। पीड़िता अपनी बड़ी बहन के ससुराल गई



थी,जहां आरोपी धीरज कोल (उम्र 23 वर्ष,निवासी ग्राम दुबेही) से उसकी पहचान हुई। आरोपी ने पीड़िता के साथ कई बार गलत काम किया,जिससे वह गर्भवती हो गई। थाना देहात पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### लायंस क्लब द्वारा 130 कंबल वितरण

**सतना।** लायंस क्लब सतना हेल्पिंग हैंड्स द्वारा कम्बल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लायंस क्लब इंटरनेशनल डि.3233 सी (मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़) के सेकंड वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन पवन मलिक रहे। अध्यक्षता पूर्व रीजन चेयरमैन लायन आलोक त्रिपाठी ने की, विशिष्ट अतिथि लायन विनय त्रिपाठी, लायन जसविंदर भाटिया बब्बल,पार्षद अच्छेलाल कोल,एवं संचालन जोन चेयरपर्सन लायन धर्मेंद्र सेन ने किया।

# 3 करोड़ नकद और 4 किलो सोने की लूट में 7 दोषी, 10-10 साल की सजा

**सतना।**

माइनिंग कारोबारी श्रवण पाठक के शिवपुरवा फार्म हाउस में 3 करोड़ नकद और 4 किलो सोने की सिल्लियों की डकैती के मामले में न्यायाधीश विकास भटेले की अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने 3 महिलाओं और 4 पुरुषों सहित कुल 7 आरोपियों को दोषी ठहराया है। सभी 7 दोषियों पर 29 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है।



#### मामले की पृष्ठभूमि

यह डकैती 23 मार्च 2021 की रात करीब डेढ़ बजे हुई थी। अभियोजन के अनुसार,आरोपी सुरेश केवट उर्फ चिपू,जो फार्म हाउस में ट्रैक्टर ड्राइवर था,उसे फरियादी के घर में बोरों में नकद रखे होने की जानकारी थी। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर डकैती की योजना बनाई। आरोपियों ने चौकीदार बसंत कोल को मारपीट कर बांध दिया,फिर आलमारी का ताला तोड़कर नकदी और 4 किलो सोने की सिल्लियां लूट ली थीं। कोलगवां थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना की और आरोपियों के कब्जे से लूटे गए 2 करोड़ 21 लाख 11 हजार 5 सौ रुपए और 2 लाख 39हजार मूल्य की मोटरसाइकिलें बरामद की थीं। कोर्ट ने भादवि की धारा 394/120बी (डकैती) के तहत पुरुषों को और धारा 412 (चुराई गई संपत्ति प्राप्त करना) के तहत महिलाओं को दोषी पाया। विचारण के दौरान कुल 8 आरोपियों में से एक अजय दाहिया की मृत्यु हो गई थी।

## मैहर में दर्शनार्थियों को परेशान करने वाले 14 दलाल गिरफ्तार



**मैहर।** माँ शारदा के दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को अब दलालों की मनमानी से राहत मिलेगी। पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशन पर थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी ने कोतवाली और चौकी पुलिस की संयुक्त टीम के साथ मा शारदा मार्ग पर बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने रास्ते में वाहनों को रोककर श्रद्धालुओं को झांसा देने और प्रसाद के नाम पर मनमानी वसूली करने वाले 14 दलालों को गिरफ्तार किया है। उनके दोपहिया वाहन भी जब्त किए गए हैं। थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी ने स्पष्ट किया कि अतिथि देवो भव की भावना के साथ श्रद्धालुओं से अभद्रता करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और यह कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई से दलालों में हड़कंप मच गया है,जबकि श्रद्धालुओं ने राहत की सांस ली है।

## जिला अस्पताल में अव्यवस्थित पार्किंग से एंबुलेंस फंसी




**सतना।**

सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल में बेतरतीब ढंग से खड़ी कारों के कारण अस्पताल प्रबंधन और मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को मुख्य गेट सहित पूरे परिसर में गाड़ियों की अवैध और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण एंबुलेंस भी फंस गई,जिससे आपात कालीन सेवाएं प्रभावित हुईं। अस्पताल परिसर में पार्किंग की कोई व्यवस्थित व्यवस्था नहीं होने और लोगों द्वारा मनमाने तरीके से गाड़ियां खड़ी करने के कारण यह समस्या लगातार बनी हुई है। इस अव्यवस्था के कारण गंभीर मरीजों को लाने और ले जाने में भी देरी होती है,जो उनकी जान के लिए खतरा बन सकती है। अस्पताल प्रशासन को तत्काल इस पार्किंग समस्या का समाधान करना चाहिए, ताकि आपातकालीन वाहनों का आवागमन सुचारु रूप से चल सके।

## प्रेमनगर अंडरब्रिज पर विद्युतकर्मी को पिस्टल अड़ाकर मारी गोली, घायल ने संघर्ष कर छीनी पिस्टल और नकली पैर, आरोपी फरार

**सतना।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्रेमनगर रेलवे अंडरब्रिज के ऊपर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां ड्यूटी से लौट रहे विद्युत विभाग के एक पियून को एक युवक ने पिस्टल अड़ाकर गोली मार दी। हमले में पियून गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल कर्मचारी ने बहादुरी दिखाते हुए न केवल आरोपी का मुकाबला किया, बल्कि उसकी पिस्टल और एक नकली पैर भी छीन लिया। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। मिली जानकारी के अनुसार, अमदरा थाना अंतर्गत नौगवां निवासी रामनरेश वर्मन (पिता सीताराम, उम्र 58 वर्ष) प्रेमनगर विद्युत मंडल में पियून के पद पर कार्यरत हैं। गुरुवार शाम करीब 6 बजे, ड्यूटी समाप्त कर रामनरेश रोज की तरह ट्रेन पकड़ने के लिए प्रेमनगर अंडरब्रिज के ऊपर पहुंचे। इसी दौरान, रेलवे स्टेशन की ओर से पैदल आ रहे लगभग 35-40 वर्ष के एक जैकेट पहने युवक ने उनके सीने पर पिस्टल अड़ाकर फायर कर दिया।

**घायल ने दिखाई हिम्मत:** गोली लगने के बावजूद रामनरेश वर्मन ने हिम्मत नहीं हारी और तुरंत आरोपी की जैकेट पकड़ ली। दोनों के बीच करीब 10 मिनट तक ज़बरदस्त संघर्ष होता रहा। जब आरोपी भागने की कोशिश करने लगा, तो रामनरेश ने उसे पकड़ने का प्रयास किया, जिससे आरोपी गिर पड़ा। गिरने के दौरान आरोपी का एक नकली पैर और पिस्टल वहीं छूट गई। हालांकि, आरोपी मौका पाकर घटनास्थल से फरार होने में सफल रहा।

**पुलिस को सौंपी गई पिस्टल और नकली पैर:** इसी बीच, शोर सुनकर रेलवे लाइन के पास रहने वाले अधिवक्ता सुनील पांडे मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल रामनरेश को सहारा दिया और सीधे सिटी कोतवाली लेकर आए। सुनील पांडे ने आरोपी का छूटा हुआ नकली पैर और पिस्टल भी पुलिस को सौंप दी। कोतवाली पुलिस ने तुरंत घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घायल रामनरेश वर्मन ने पुलिस को बताया कि आरोपी के पास एक बैग था और उन्हें आशंका है कि वह लूट की नीयत से आया था। पीड़ित ने स्पष्ट किया है कि उनकी किसी से कोई निजी दुश्मनी या रंजिश नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## रीवा रोड पर बैरिकेड हटाने की मांग दुकानदारों ने दी आंदोलन की चेतावनी



**सतना।**

रीवा रोड खेरमाई मोड़ पर यातायात पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड को लेकर स्थानीय दुकानदारों में आक्रोश है। बैरिकेड के कारण व्यापार प्रभावित होने का आरोप लगाते हुए,स्थानीय दुकानदार यातायात विभाग पहुंचे और उन्हें हटाने की मांग की। दुकानदारों का कहना है कि इन बैरिकेड के कारण उनके ग्राहकों को परेशानी हो रही है और उनका कारोबार ठप पड़ गया है। उन्होंने प्रशासन को तीन दिन का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि यदि इस अवधि के भीतर बैरिकेड नहीं हटाए गए,तो वे सड़क पर बैठकर आंदोलन शुरू कर देंगे। यह मामला अब स्थानीय प्रशासन के लिए चुनौती बन गया है।

## मझगवां में 'कॉलेज चलो अभियान' का शानदार शुभारंभ



**सतना।** उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शासकीय महाविद्यालय मझगवां ने शासकीय मॉडल उच्च माध्यमिक विद्यालय में 'कॉलेज चलो अभियान' का शुभारंभ किया। यह अभियान मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार चलाया जा रहा है,जिसका मुख्य उद्देश्य कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करना और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एन ई पी 2020) के प्रावधानों की जानकारी देना है। नोडल अधिकारी अजीत कुमार ने अभियान की रूपरेखा बताई,जबकि डॉ. साधना शर्मा ने छात्रों को बहुविषयक शिक्षा,क्रेडिट सिस्टम और कौशल आधारित पाठ्यक्रमों पर केंद्रित एन ई पी NEP 2020 की विस्तृत जानकारी दी। डॉ.राखी सिंह सोलंकी और डॉ.चंद्रप्रभा पांडे ने करियर काउंसलिंग की,और डॉ.निशा तिवारी ने सरकारी योजनाओं से अवगत कराया। अभियान के तहत अब आसपास के स्कूलों में जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

## ब्लैक कोबरा का सफल रेस्क्यू



**सतना।**

मझगवां वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने एक बार फिर जहरीले वन्यजीव का सफल बचाव किया है। टीम के सदस्य विनोद पाण्डेय और तीरथ सिंह ने क्रांति नगर मझगवां में शम्भू दयाल शुक्ला के घर से एक ब्लैक कोबरा सर्प का रेस्क्यू किया। सर्प को सुरक्षित रूप से पकड़ने के बाद,उसे जंगल में छोड़ दिया गया। मझगवां वन विभाग की रेस्क्यू टीम लगातार इस तरह के खतरनाक जानवरों को आबादी वाले क्षेत्रों से बचाकर जंगल में छोड़ने का काम कर रही है,जो क्षेत्र के निवासियों के लिए एक बड़ी राहत की बात है। टीम के इस सराहनीय प्रयास से वन्यजीव संरक्षण और मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने में मदद मिल रही है।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 667. अजय भोरे पिता\पति कृष्णा राव भोरे पता- शिव विहार डुंडा रायपुर, 668. गिरीश कुमार शर्मा पिता\पति कुंजलाल शर्मा पता– रायपुर, 669. गजेन्द्र कुमार देवांगन पिता\पति लखन लाल देवांगन पता- 26 कृष्णा सखा सोसाइटी रोहणीपुरम, 670. सुरेश साहू पिता\पति मनोहर लाल साहू पता- कुशालपुर रायपुर, 671. लोकेश बंजारे पिता\पति पीलू राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 672. राम किसुन साहू पिता\पति श्री फेरु राम साहू पता- सेमरिया रायपुर, 673. गीतांजलि यादव पिता\पति टापेश यादव पता- अशोक नगर गुढ़ियारी, 674. कैना बाई जांगड़े पिता\पति कृपाल जांगड़े पता- रिखिया परा जवाहर नगर रायपुर, 675. शिव कुमार मसूरकर पिता\पति स्व.डी.जी. मसूरकर पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 676. लेख राम धुरंधर पिता\पति डेहरा राम पता- बसारंग आरंग, 677. अक्षय कुमार साहू पिता\पति तिहारू राम साहू पता- नवापारा पीड, 678. पंकज साहू पिता\पति अनिरुद्ध कुमार पता- हिन्छापुर सांकरा, 679.संजू सोनी पिता\पति गोपाल सोनी पता- आमापारा धमतरी, 680. चेष्टा साहू पिता\पति श्री मोहन लाल पता- भोथली धमतरी, 681. दिनेश्वरी निर्मलकर पिता\पति श्री लक्खू निर्मलकर पता- वार्ड न.-01 नाका पारा डोंगरगढ़, 682. हर्पिता अग्रवाल पिता\पति अनुपम अग्रवाल पता- गली बाजार वार्ड न.-12, 683. रश्मि साहू पिता\पति तारस लाल साहू पता- खैरी तुमड़ी बोड, 684. संजय वर्मा पिता\पति मोहन सिंह वर्मा पता- कन्तेली वार्ड न.02, 685. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता-कांकेर, 686. चन्द्र किशोर साहू पिता\पति स्व.धरम राम साहू पता- सुमन पब्लिक स्कूल गुंडरदेही, 687. कुणाल कश्यप पिता\पति जोगेन्द्र कश्यप पता- जगदलपुर, 688. हरिशंकर पटेल पिता\पति कवलसिंह पटेल पता- जन्धोरा वि.ख.पिथौरा, 689. यशोदा निर्मलकर पिता\पति महेतरू निर्मलकर पता- मारुती वार्ड देवांगन पारा कवर्धा, 690. झड़ी राम यादव पिता\पति स्व.नाथू राम यादव पता- मोहरा, 691. माधव राम देवांगन पिता\पति रामनाथ देवांगन पता- जोंधरा पदर पारा कोंडागांव, 692. चुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति ओंकार दास मानिकपुरी पता- गणेश किराना स्टोर वृंदा नगर भिलाई, 693. दुपत कुमार महतेल पिता\पति भीषम लाल महतेल पता- ग्राम-रूदा, 694. मो.मोइजुदीन पिता\पति मो.मोईनुद्दीन पता- जयंती नगर दुर्ग, 695. हुलेश कुमार देवांगन पिता\पति जनक लाल देवांगन पता- ग्राम व पोस्ट निकुम दुर्ग, 696. निधि साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 697. नेहा साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार साहू पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, 698. चैतलाल देवांगन पिता\पति नकुल देवांगन पता- क्वार्टर न.5/H जोन-01 खुर्शिपार, 699. श्रीमती देवती पिता\पति बलिराम राम शर्मा पता- कैलाश नगर भिलाई, 700. कमल प्रसाद पिता\पति श्री अवध राम पता- वार्ड न.34 जी.केबिन चरौदा, 701. मुरारी प्रसाद देवांगन पिता\पति चुन्नी लाल देवांगन पता- कुथरेल थाना अंडा, **बिलासपुर संस्करण** – 702. प्रकाश कुमार गिरी पिता/पति राजकिशोर गिरी पता- परसाभाठा बालको, 703. अश्वनी कुमार पिता/पति स्व.सीताराम्र पता- दीपका कालोनी, 704. संतोष सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- बाल्कोनगर, 705. प्रमोद कुमार राठौर पिता/पति बाबूजी पता- हरदी बाजार, 706. अंजली बिंझवार पिता /पति अशोक कुमार बिंझवार पता- मड़वारानी, कोरबा, 707. रमेश कुमार राठौर पिता/पति सुखराम राठौर पता- हरदी बाजार कोरबा, 708. पलक अग्रवाल पिता/पति जगदीश प्रसाद अग्रवाल पता- हरदी बाजार कोरबा, 709. कुमारी दिव्या पिता/पति जे.पी.दिव्या पता- रामसागर पारा कोरबा, 710. अदिति ठाकुर पिता/पति राजेन्द्र सिंह ठाकुर पता- धनुहार पारा बाल्को, 711. नीतू देवी सिंह पिता/पति रविशंकर सिंह बाल्को कोरबा, 712. विवेक सोनी पिता/पति जगदीश सोनी पता- नेहरू नगर बाल्को कोरबा, 713. श्याम जी यादव पिता/पति लालजी यादव पता- दीपका बस्ती, 714. राकेश कुमार खूंटे पिता/पति बाबूलाल पता- रजगामार, 715. योगिता कुमारी पिता/पति मनोज यादव पता- परसाभाठा बालको, 716. अनुराधा पांडेय पिता /पति सुधांशु पांडेय पता- बाल्को, 717. अरूण कुमार पिता/पति उमेन्द्र राम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 718. चंद्रशेखर बिंझवार पिता/पति दाऊराम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 719. सुनीता विश्वाल पिता/पति एस.विश्वाल पता- शांति नगर बाल्को, 720. रमेश चौहान पिता /पति विशाल चौहान पता- शांति नगर बाल्को, 721. रामकुमार साहू पिता/पति फुुनीराम साहू पता- परसाभाठा बालको, 722. सविता यादव पिता/पति पुनीत कुमार यादव पता- संगम नगर बालको, 723. फरहा आरिफ अहमद पिता/पति आरिफ अहमद पता- बालको, 724. गार्गी पाठक पिता/पति अवधेश नारायण पाठक पता- शांति नगर, बालको, **भोपाल संस्करण** – 725. हर्षित झोड़ पिता\पति सुनील झोड़ पता- पंचशील नगर भोपाल, 726. जयश्री बुनकर पिता\पति मनोज बुनकर पता- राजीव नगर कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल, 727. खुशी रजक पिता\पति राजेश रजक पता- पुट्ठा मिलपुरानी कॉलोनी, 728. शिवा विश्वकर्मा पिता\पति लक्ष्मी नारायण पता- 7148 देवी नगर करोद, 729. रेणुका सिंह सोंलकी पिता\पति संतोष सिंह सोंलकी पता- 34 राज नगर पलासी, 730. रेणु विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, 731. रामबाबू सेन पिता\पति मोती लाल सेन पता- बरईपुरा विदिशा, 732. लवयांश कुशवाह पिता\पति सुमित कुशवाह विदिशा, **जबलपुर संस्करण** – 733. रजनीश कौरव पिता\पति उत्तम सिंह कौरव पता- नर्मदा कॉलोनी गाडरवारा, 734. नूरीन फातिमा पिता\पति सैयद इस्तेयाक अली पता- सुभाष वार्ड गाडरवारा, 735. जयंत प्रताप गौतम पिता\पति संजय कुमार गौतम पता- सरकारी स्कूल के पास मंगल नगर कटनी, 736. मधुलिका बक्शी पिता\पति - कॉलोनी कटनी, 737. शिवन्या बर्मन पिता\पति राहुल बर्मन पता- शारदा मंदिर के पास बरगवां कटनी, 738. आदर्श कुमार नामदेव पिता\पति राम किशोर नामदेव पता- सिंगौड़ी, 739. अभिनव राय पिता\पति अभिषेक राय पता- सिंगौड़ी, 740. देवांशी काछी पिता\पति संदीप कई पता- सिंगौड़ी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### मनौर में गरीब महिलाओं को बांटे कंबल

**पन्ना।** जिला प्रशासन के सौजन्य से गत दिवस मनौर में गरीब, विधवा एवं असहाय महिलाओं को कंबल का वितरण किया गया। जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी एवं एसडीएम संजय कुमार नागवंशी ने जरूरतमंद महिलाओं को कंबल वितरित किए। इस दौरान शीतऋतु में ठंड से बचाव के लिए आवश्यक उपाय बरतने की सलाह भी दी गई।

### बड़वारा मोड़ के पास ऑटो रिक्शा पलटने से 3 लोग घायल



**पन्ना।** देवेंद्रनगर थाना क्षेत्रांतर्गत बड़वारा मोड़ के पास तेज गति से अनियंत्रित होकर ऑटो पलटने से 03 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। घायल भिलसाय व बड़वारा के बताए जा रहे हैं। गौरतलब हैं कि इस समय नगर सहित ग्रामों में अधिक संख्या में ऑटो रिक्शा हो जाने के कारण उसमें मनमाने ढंग से सवारियां बैठाई जाती हैं और तेज गति से वाहन चलाते हैं जिससे आए दिन हादसे होते हैं। पूर्व में भी कई ऑटो पलट चुके हैं और लोगों की जान जा चुकी है। पुलिस और यातायात विभाग को इन ऑटो चालकों पर चालानी कार्यवाही करनी चाहिए जिससे इन पर लगाम लगाई जा सकें।

### कैंसर से जूझ रहे युवक के इलाज में आए आर्थिक संकट, परिजन असहाय सहयोग की अपील



**पन्ना।** ग्राम सुन्दरा निवासी रविकांत दहायत (उम्र 32 वर्ष) पिछले एक महीने से कैंसर की तीसरी स्टेज से संघर्ष कर रहे हैं। उनका उपचार गांधी मेडिकल कॉलेज और हमीदिया अस्पताल, भोपाल में जारी है। चिकित्सकों के अनुसार इलाज लंबा, महंगा और लगातार संसाधनों की मांग करने वाला है। रविकांत के पिता आनंदी लाल दहायत सामान्य आर्थिक स्थिति वाले श्रमिक वर्ग से आते हैं। परिवार की आय अत्यंत सीमित होने के कारण इलाज का भारी खर्च उठाना उनके लिए संभव नहीं रह गया है। लगातार बढ़ते खर्च, दवाओं, जांचों और अस्पताल में बार-बार रेफरल की स्थिति ने परिवार को पूरी तरह आर्थिक संकट में धकेल दिया है। परिवार ने भावुकता के साथ जनसामान्य, समाजसेवियों और दानदाताओं से आग्रह किया है कि सहयोग प्रदान करें, ताकि रविकांत का जीवन बचाया जा सके।

### काटे जा रहे लाखों पेड़, आदिवासी कांग्रेस ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



**पन्ना।** अदानी समूह द्वारा सिंगरौली में केंद्र सरकार से मनमाने ढंग से कॉल ब्लॉक आवंटित कराकर लाखों पेड़ों को काटा जा रहा है जिसको लेकर पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन चल रहा है इसी कड़ी में पन्ना जिले में जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में महा महिम राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सोपा गया। अनेक मुद्दों को ज्ञापन मे शामिल किया गया है ज्ञापन एवं प्रदर्शन में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनीश खान पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे शशीकांत दिक्षित सौरभ सिंह मानवेंद्र सिंह बुंदेला पप्पू सिंह दीपक तिवारी डॉक्टर कदीर खान कल्लू सिंह पिंकू सिद्दीकी अभिषेक चौरसिया अमित शर्मा मोहम्मद फैयाज मोहम्मद फैज संदीप शर्मा शिवलाल सेन रामदास जाटव सुदेश सोनी सरफराज फारुकी ओंकार सिंह हरनाम सिंह सुखेंद्र सिंह चतुर सिंह सुरेश बृजेंद्र सिंह यादव केसरी अहिरवार सौरभ पटेरिया वेदांत मिश्रा पप्पू सिंह हरनाम सिंह वीरेंद्र से सुरेश अहिरवार सुनील आदि शामिल है।

### बोलेरो ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर, 3 घायल, रेफर

**पन्ना।** देवेंद्रनगर थाना क्षेत्रांतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 39 में सतना पन्ना रोड में गुखौर मोड के पास पन्ना से सतना की ओर जा रही बोलेरो टीयूवी कार ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। बाइक में सवार 03 लोग घायल हो गए जिन्हें स्थानीय लोगों एवं पूर्व पार्षद मनीष जायसवाल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर लाया गया जहां पर सीबीएमओ डॉ अभिषेक जैन द्वारा घायलों का उपचार किया। एवं तीनों घायलों महेश कुशवाहा, कृष्णा कुशवाहा और आशीष कुशवाहा को जिला चिकित्सालय पन्ना रेफर किया गया। तीनों घायल मड़ई,छोटी गुखौर के बताए जा रहे हैं। जो अपनी मोटरसाइकिल से मनीष जायसवाल के यहां पाइप खरीदने आए हुए थे तभी देवेंद्रनगर जाते वक्त दुकान से कुछ ही कदम की दूरी पर फोर व्हीलर ने टक्कर मार दी।

# देवेंद्रनगर में अंतरिम सूची का वाचन सम्पन्न

## निर्वाचक संशोधन प्रक्रिया में पारदर्शिता, सहभागिता और जिम्मेदारी का अनूठा उदाहरण

विगत दिनों मतदान केंद्र क्रमांक 181, शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, देवेंद्रनगर (पन्ना, मध्य प्रदेश) में निर्वाचकों की अंतरिम सूची का औपचारिक वाचन एक पारदर्शी, व्यवस्थित और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

**पन्ना।**




कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएलओ सुपरवाइज़र लोकेंद्र सिंह द्वारा की गई। इस अवसर पर सहायक बीएलओ मुकेश खरे एवं बीएलओ सुरेश कुशवाहा ने पिछले कई दिनों से लगातार घरदृघर जाकर, प्रत्येक पात्र नागरिक से व्यक्तिगत संवाद स्थापित करते हुए ैक्त की अंतरिम सूची तैयार की। सहायक बीएलओ मुकेश खरे द्वारा सूचियों का सार्वजनिक वाचन करते हुए जनप्रतिनिधियों व उपस्थित नागरिकों को अवगत कराया गया कि 24 निर्वाचक अनुपस्थित, 81 स्थानांतरित, 17 मृत तथा 04 दोहरी प्रविष्टि वाले निर्वाचक चिन्हित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त सूची सुधार प्रक्रिया के दौरान 50 फॉर्म क्रमांक 6 तथा 05 फॉर्म क्रमांक 8 भरने का कार्य भी सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। सूची वाचन के उपरांत वार्ड क्रमांक 9 एवं 10 के पार्षदों, सभी राजनीतिक दलों के प्रभारियों, बीएलए, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, पत्रकार बंधुओं तथा अन्य गणमान्य नागरिकों से मतदाता सूची में सुधार, त्रुटियों अथवा सुझावों के संबंध में प्रत्यक्ष रूप से अपनी बात दर्ज कराने का आह्वान किया गया।

### कार्यक्रम में सम्मिलित सम्मानित उपस्थितजन

अशोक कुशवाहा (पार्षद), इरफ़ान खान (कार्यकर्ता, भाजपा), विनोद गुप्ता (पत्रकार), प्रदीप गुप्ता (पार्षद), ऋषभ गर्ग (कांग्रेस प्रभारी), आशीष बागरी (कांग्रेस प्रभारी दृ गुनौर ब्लॉक), मुकेश चौरसिया (ठस्।/ठश्रच), शिवेन्द्र नामदेव (ठस्।/ठश्रच), विजय कुमारी (आंगनबाड़ी कार्यकर्ता), निखिल विश्वकर्मा (कांग्रेस प्रभारी), सरीफ़ुल पठान (कांग्रेस प्रभारी), तथा बीएलओ टीम के सदस्य कृ मुकेश खरे (सहायक बीएलओ), सुरेश कुशवाहा (बीएलओ) एवं लोकेंद्र सिंह (सुपरवाइज़र)।

## 15-16 दिसंबर को स्वदेशी संकल्प यात्रा का स्वागत

**पन्ना।**



कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (ब्।प्ज्) पन्ना व्यापार परिषद् द्वारा 15 और 16 दिसंबर को शाहनगर, पवई, अमानगंज और पन्ना में स्वदेशी संकल्प यात्रा का स्वागत किया जाएगा। इस दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय व्यापार को मजबूत करना, स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना तथा नागरिकों को आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करना है। 15 दिसंबर को शाहनगर, पवई और अमानगंज में ब्।प्ज् प्रतिनिधियों का पारंपरिक स्वागत किया जाएगा। इसके पश्चात स्थानीय व्यापारियों से संवाद और बाज़ार भ्रमण के माध्यम से स्वदेशी अभियान के प्रति जनदृजागरूकता बढ़ाई जाएगी। 16 दिसंबर को पन्ना में स्वदेशी संकल्प यात्रा का औपचारिक स्वागत स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ब्।प्ज् पदाधिकारियों द्वारा भगवा ध्वज के साथ किया जाएगा। इसके बाद मुख्य बाज़ार क्षेत्रों में व्यापारियों और नागरिकों के साथ नगर भ्रमण होगा। इसी क्रम में एक चयनित विद्यालय में विद्यार्थियों को स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई जाएगी। इस दौरान पन्ना में श्री जुगल किशोर जी मंदिर के सभा हाल में एक आम सभा आयोजित की जाएगी, जिसमें स्थानीय व्यापारिक चुनौतियों, ईदृकॉमर्स, ळैज् तथा बाज़ार सुधार जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा होगी। ब्।प्ज् पन्ना व्यापार परिषद् ने सभी व्यापारियों, नागरिकों, युवाओं और विद्यार्थियों से अपील की है कि वे स्वदेशी संकल्प यात्रा में शामिल होकर स्थानीय व्यापार के सशक्तिकरण में योगदान दें।

## मलेरिया लॉजी प्रशिक्षण का सफल आयोजन

**देवेंद्रनगर।**



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, देवेंद्रनगर में आज मलेरियालॉजी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अभिषेक जैन द्वारा बताया गया कि मलेरिया से कैसे बचाव करना है इसका प्रशिक्षण जिला मलेरिया अधिकारी पन्ना द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में कुल 25 प्रतिभागियों कृ एएनएम एवं सीएचओ को आमंत्रित किया गया था डॉ. जैन द्वारा कर्मचारियों की विभागीय समीक्षा की गई एवं सभी को अपनी प्रगति में सुधार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। जिला मलेरिया अधिकारी श्री सिंह द्वारा मलेरिया डेंगू चिकनगुनिया फाइलेरिया एवं जापानी इंसेफेलाइटिस जैसे मच्छरजनित रोगों पर गहन प्रशिक्षण दिया गया उन्होंने इन रोगों के लक्षण कारण एवं रोकथाम के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी।

### मच्छरजनित रोगों की रोकथाम हेतु सुझाव

घर व आसपास पानी जमा न होने दें, कूलर टंकी गमले टायर आदि को नियमित रूप से साफ करें या ढक कर रखें, लार्वा नियंत्रण हेतु गम्बूसिया मछली का उपयोग करें, जमा पानी में केरोसिन, मोब ऑयल या टेमोफॉस डालें, मच्छरदानी का प्रयोग करें नीम की पत्तियों का धुआं करें कीटनाशक दवाओं का प्रयोग करें, बुखार होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर खून की जांच कराएं, कार्यक्रम में श्री कमलेश प्रजापति (एमटीएस), कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर एएनएम सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे अंत में डॉ. जैन ने आमजन से अपील की कि मलेरिया मुक्त समाज के निर्माण में सभी अपना सहयोग दें।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली से बाइक की भिड़ंत: 22 वर्षीय युवक की मौत, चाचा गंभीर; इलाके में मातम छाया





**अजयगढ़।**

थाना धरमपुर अंतर्गत खोरा चौकी क्षेत्र में बुधवार रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को शोक में डुबो दिया। सरबंशी गांव के पास करीब शाम 7 बजे तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली से मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें बाइक सवार 22 वर्षीय नरेंद्र राजपूत पुत्र राजकुमार की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में उनके चाचा साधु राजपूत (44) गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका दाहिना पैर बुरी तरह से टूट गया है। पुलिस के अनुसार दोनों चाचा-भतीजा खोरा से सब्जी खरीदकर बाइक से अपने गांव सरबंषी लौट रहे थे। उसी दौरान निजामपुर की दिशा से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से अचानक हुई जबरदस्त टक्कर ने उनकी जिंदगी अस्त-व्यस्त कर दी। टक्कर इतनी भयावह थी कि नरेंद्र ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। साथ ही ट्रैक्टर चालक एवं साथ में एक महिला को भी गांव वाले ने बुरी तरह मारपीट की गई है जहा उनका उपचार जिला चिकित्सालय पन्ना में चल रहा है। हादसे के तुरंत बाद आसपास मौजूद ग्रामीणों ने घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। खोरा पुलिस मौके पर पहुँची और ग्रामीणों की मदद से घायल साधु राजपूत को अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। मृतक नरेंद्र का शव पोटमार्टम के लिए सुरक्षित रखा गया है, जिसका परीक्षण 11 दिसंबर को किया जाएगा। वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है और घटना में शामिल ट्रैक्टर चालक को हिरासत में ले लिया है। नरेंद्र की निधन की खबर से सरबंषी सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों और ग्रामीणों की आंखें नम रहीं। आज परिजनों द्वारा उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### पूर्व सदर पटवारी एसडीएम कोर्ट में अटैच, शासकीय घर नहीं कर रहा खाली

## नए सदर पटवारी घर के लिए भटक रहा दर दर, जनता हो रही परेशान





**अजयगढ़।**

अजयगढ के राजस्व विभाग में पदस्त रहे पूर्व सदर पटवारी निखिल गौतम इस समय एसडीएम कोर्ट में अटैच है दो बार ट्रांसफर होने के बाद भी अजयगढ नही छोड़ा गया जिसको देखते हुए एसडीएम द्वारा पहले देवगांव का पटवारी बनाया गया फिर एसडीएम कोर्ट में अटैच कर दिया गया है उक्त पटवारी को पूर्व में मिला घर खाली होना था और नए सदर पटवारी दीपेंद्र तिवारी को मिलना था पंरन्तु लगभग 4 माह से घर खाली न कर कब्जा किये है जिससे नए सदर पटवारी को घर के लिए दरदर भटकना पड़ रहा है जिससे आम जनता को नए सदर पटवारी से मिलने के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है जिसकी सूचना तहसीलदार व एसडीएम को है पंरन्तु कोई समाधान न होने से सदर पटवारी स्थायी नही रह पा रहा है जिससे नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र से आने बाले किसान व जनता परेशान है अधिकारियों को जल्द ही इस समस्या का समधान निकालना होगा और नए सदर पटवारी को शासकीय घर खाली करवा कर दिलाना होगा जिससे सदर पटवारी को स्थायी घर मिलने से लोगो की समस्याओं का समाधान जल्द होने की उम्मीद जताई जा सकती है विभाग के पटवारी की लड़ाई में जनता क्यों पिसे कलेक्टर पन्ना को ध्यान देने की जरूरत है।



## दिया पंचायत में सरपंच प्रीमियर लीग का भव्य आयोजन 11 टीमों की भागीदारी, हजारों दर्शकों की उमड़ी भीड़

**पन्ना।** जिले के पन्ना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत दिया पंचायत के नैगुवा प्रांगण में इस वर्ष पहली बार आयोजित सर्पंच प्रीमियर लीग (ैच्स्) क्रिकेट टूर्नामेंट ने पूरे क्षेत्र का वातावरण खेलमय बना दिया है। यह ऐतिहासिक आयोजन 7 दिसंबर से 14 दिसंबर 2025 तक चल रहा है, जिसमें 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं जिनमें पन्ना तहसील की चार टीमें, अजयगढ़ तहसील की चार टीमें, और सतना जिले की एक टीम शामिल है। क्वाटर फाईनल में विधायक सहित कई गणमान्य पहुंचे- टूर्नामेंट के पहले दिन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक आदरणीय श्री बृजेंद्र प्रताप सिंह रहे। उनके साथ उपाध्यक्ष श्री धर्मेंद्र पांडे, मंडल अध्यक्ष धीरू बाजपेई, वरिष्ठ कार्यकर्ता सुरेंद्र तिवारी, अश्वनी तिवारी, गजना सरपंच प्रतिनिधि बृजमोहन यादव, श्री राम शिरोमणि मिश्रा, तथा पहाड़ी खेड़ा क्षेत्र के प्रमुखजन मौजूद रहे। नैगुवा मैदान में हजारों की संख्या में युवा खेलप्रेमी मौजूद रहे और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते दिखाई दिए। संपूर्ण आयोजन सरपंच राम शिरोमणि सिंह लोधी की पहल पर इस भव्य प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम पंचायत दिया के सरपंच श्री राम शिरोमणि सिंह लोधी की अगुवाई में हो रहा है, जो अपने नवाचारों और युवाओं के लिए प्रेरक कार्यक्रमों के लिए जाने जाते हैं। कभी मैराथन दौड़, कभी क्रिकेट या वॉलीबॉल मैचकृसरपंच लगातार क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार करते रहे हैं। इसी कारण उन्हें जिले में ही नहीं, बल्कि कई बार अंतरराष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों से भी सम्मानित किया जा चुका है।

आयोजन समिति की प्रभावी भूमिका-
सरपंच प्रीमियर लीग की आयोजन समिति में अध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी, उप सचिव दिनेश सिंह, अश्विनी गौतम, सतीश लोधी, उपाध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, विकास पांडे, तुलसीदास मिश्रा सहित पूरी युवा टीम सक्रिय रूप से लगी हुई है।

**विजेता टीम को मिलेगा बड़ा अवसर-** टूर्नामेंट समाप्ति के बाद चयनित टीम को विधायक एवं सांसद टूर्नामेंट में शामिल होने का अवसर मिलेगा। यह युवाओं के लिए बड़े स्तर पर असाधारण मंच साबित होगा।

**विधायक ने की सरपंच की सराहना-** कार्यक्रम के दौरान विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और सरपंच राम शिरोमणि सिंह लोधी द्वारा युवाओं के लिए किए जा रहे

## शासकीय मॉडल विद्यालय में बनाया गया विधिक साक्षरता शिविर




**पवई**

गुरूवार 11 दिसम्बर को शासकीय मॉडल विद्यालय पवई मे विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम मे अपर सत्र न्यायाधीश सोम पांडेय द्वारा सभी छात्र - छात्राओं को मार्गदर्शन दिया जिसमे विशेष रूप से छात्र छात्राओं को अपने अधिकार एवं कानून की सलाह दी तथा महिलाओं के अधिकार को बताया साथ ही छात्र छात्राओं को अपने पढ़ाई के प्रति सजग रहने के लिए कहा गया छात्र छात्राओं द्वारा भी प्रश्न पूछे गए इसी कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य जीतेन्द्र सोनी ने बच्चो को संबोधित करते हुए कहा को छात्र जीवन में अनुसासन का होना बहुत ही महत्वपूर्ण है प्राचार्य के साथ विद्यालय के शिक्षक प्रदीप वर्मन, अनिल रावत, संदीप चौरसिया, बबलू प्रसाद, चंद्र भान लोधी ,अनुज शर्मा, श्री मति ज्योति सोनी, अंजू गुप्ता, विनोद नामदेव, भागचरण रजक, लीलाधर, कपिल सोनी सुश्री वर्षा गुप्ता, आकाश कुमार, उपेंद्र सिंह, बृजकिशोर गर्ग ज्ञानी प्रसाद उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## महालक्ष्मी मंदिर में निःशुल्क नेत्र शिविर आज

छतरपुर। सरानी गेट बाहर स्थित सिद्धपीठ महालक्ष्मी मंदिर में नगर अग्रवाल समाज एवं नवयुवक मंडल द्वारा 12 दिसंबर को निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन छतरपुर भ्रमण परिवार के सहयोग से किया जा रहा है। साकेतवासी पिता भगवानदास अग्रवाल एवं माताजी त्रिवेणी देवी अग्रवाल की स्मृति में उनके पुत्र हरिप्रकाश अग्रवाल (संपादक छतरपुर भ्रमण) के सहयोग से शुक्रवार की सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक महालक्ष्मी मंदिर में श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा आँखों की जांच कर दवाई एवं चश्मों का वितरण किया जाएगा। जिनकी आंखों में मोतियाबिंद पाया जाएगा उन्हें निःशुल्क व सशुल्क ऑपरेशन के लिए शिविर के बाद दोपहर 2 बजे निजी वाहन से चित्रकूट ले जाया जाएगा। मरीजों के आवागमन, भोजन एवं ठहरने की निःशुल्क व्यवस्था रहेगी। इतना ही नहीं शिविर में मरीजों को खिचड़ी प्रसाद तथा भोजन की व्यवस्था भी रहेगी। अग्रवाल समाज के नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने आंखों के मरीजों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है। शिविर में मरीजों को आधार कार्ड की फोटोकॉपी लाना अनिवार्य है।

## एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा चिकित्सा शिविर

सिंगरौली। एनटीपीसी विंध्याचल ने सामुदायिक कल्याण के प्रति अपनी सतत प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए 9 दिसंबर 2025 को शासन गाँव में सफलतापूर्वक चौथे चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना, आम चिकित्सकीय समस्याओं का समाधान करना तथा निवारक स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना था। इस पहल के तहत कुल 404 ग्रामीणों ने लाभ प्राप्त किया, जिसमें 167 पुरुष और 237 महिला लाभार्थी शामिल रहे। शिविर के दौरान प्रत्येक उपस्थित व्यक्ति की जाँच, परामर्श एवं प्राथमिक उपचार सुनिश्चित किया गया। चिकित्सा टीम का नेतृत्व डॉ. मयूराक्षी भराली, प्रबंधक (चिकित्सा सेवाएँ), डॉ. शिवरतन मेहता, अधिकारी (चिकित्सा सेवाएँ) द्वारा किया गया, जबकि श्री निखिल जायसवाल, कार्यकारी (सीएसआर) ने आयोजन को सुचारू रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## नाबालिग बालिका का अज्ञात नकाबपोशों द्वारा अपहरण

तेंदूखेड़ा। घर से स्कूल जाते समय सुबह लगभग 11 बजे एक 11 साल की नाबालिग बालिका को दो अज्ञात नकाब पोश लोगो ने किताव मांगने के बहाने पास बुलाया और अपहरण करने की कोशिश की गई। साथ ही बालिका को लगभग 100 फिट दूर जहां पर उनकी कार खड़ी थी घसीटकर अपनी नीली कार में बैठाने की कोशिश की गई इस दौरान अज्ञात नकाब पोसो के द्वारा ब्लेड निकालकर उसके गले में मारने का प्रयास किया लेकिन लडकी ने अपने आप को छुडाने के प्रसास के दौरान लडकी को ब्लेड गले के स्थान पर हाथ में लग गई। इसके बाद दोनो नकाब पोस घटना स्थल से बालिका की काफिया लेकर फरार हो गए। लडकी जब अपने घर पहुंची और उसकी साथ हुई घटना को परिवार में बताया गया।

जिले में पात्र महिलाओं को मिलेगा निःशुल्क गैस कनेक्शन

# उज्ज्वला योजना 3.0 के तहत फिर शुरू हुआ फार्म भरना

**छतरपुर। गुरुवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित प्रेसवार्ता में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 के तहत पुनः फार्म भरने की प्रक्रिया शुरू होने की जानकारी दी गई। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के ग्वालियर से आए अधिकारी धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि देशभर में 25 लाख अतिरिक्त निःशुल्क एलपीजी कनेक्शन स्वीकृत किए गए हैं। इसके लिए उपभोक्ता अपने नज़दीकी गैस डिस्ट्रीब्यूटर के यहां फार्म जमा कर सकते हैं, साथ ही वेबसाइट और कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से भी आवेदन किया जा सकता है।**



धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि जिन पात्र महिलाओं के परिवार में अब तक एलपीजी कनेक्शन नहीं है, वे अपने दस्तावेज जमा कर निःशुल्क कनेक्शन प्राप्त कर सकती हैं। किसी भी समस्या या शिकायत पर उपभोक्ता जिला नोडल अधिकारी बलराम गुप्ता से संपर्क कर सकते हैं। गरीब परिवारों की वयस्क महिलाएँ, जिनके परिवार में पहले से कोई एलपीजी कनेक्शन नहीं है वे आवेदन के लिए पात्र हैं। वहीं पात्रता वंचना/घोषणा पत्र के आधार पर तय की जाएगी तथा जिला उज्ज्वला समिति द्वारा सत्यापित की जाएगी। इसके साथ ही फार्म में आवश्यक रूप से केवाईसी फार्म, निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड/ राज्य शासन प्रमाण पत्र, आवेदक एवं परिवार के सभी वयस्क सदस्यों का आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण, वंचना घोषणा पत्र, प्रवासी परिवार के लिए पीओए एवं परिवार संरचना हेतु स्व-घोषणा पत्र मान्य होगा। उपभोक्ता नजदीकी एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप पर जाकर, ऑनलाइन माध्यम से, कॉमन सर्विस सेंटर के जरिए आवेदन कर सकता है।

नए पीएमयूवाई कनेक्शन पर लाभार्थियों को निःशुल्क पैक प्रदान किया जाएगा, जिसमें प्रतिभूति राशि रहित सिलेण्डर, प्रेशर रेगुलेटर, सुरक्षा होज़, डोमेस्टिक गैस उपभोक्ता कार्ड शामिल हैं इसके अतिरिक्त निःशुल्क गैस चूल्हा और पहला रिफिल भी तेल विपणन कंपनियों द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना मई 2016 में शुरू की गई थी, जिसके तहत अब तक 10.33 करोड़ से अधिक एलपीजी कनेक्शन जारी किए जा चुके हैं। योजना ने देशभर में स्वच्छ ईंधन की उपलब्धता बढ़ाने, महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार लाने तथा घरों में धुएँ से होने वाले प्रदूषण को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# शहर में बर्तन व्यापारी की फैक्ट्री पर सेंट्रल जीएसटी विभाग का छापा, दस्तावेज़ों की जांच जारी

**छतरपुर। शहर में जीएसटी विभाग द्वारा व्यापारियों पर निरंतर कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में गुरुवार दोपहर लगभग 1:30 बजे सेंट्रल जीएसटी सागर की तीन सदस्यीय टीम ने वार्ड क्रमांक 9, बाईपास महोबा रोड स्थित मीनल मेटल्स की फैक्ट्री पर छापा मारकर जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार यह फैक्ट्री स्थानीय बर्तन व्यापारी ताम्रकार परिवार की है, जहां टैक्स संबंधी अनियमितताओं की शिकायत के बाद विभाग ने कार्रवाई की है।**



टीम के पहुंचते ही फैक्ट्री का मुख्य गेट बंद कर दिया गया और भीतर दस्तावेजों की गहन जांच शुरू की गई। कार्रवाई को लगभग तीन घंटे से अधिक का समय हो चुका है, लेकिन जांच अभी भी जारी है। फैक्ट्री के अंदर अधिकारियों द्वारा स्टॉक, बिलिंग, कच्चे माल, तैयार माल और खातों का मिलान किए जाने की जानकारी सामने आई है। छापे के दौरान मीडिया प्रतिनिधियों और आम लोगों को फैक्ट्री के बाहर ही रोक दिया गया, जिससे अंदर की कार्यवाही की स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी। जीएसटी टीम छतरपुर में पिछले कुछ दिनों से लगातार व्यापारिक संस्थानों की जांच कर रही है, जिसके चलते व्यापारियों में हलचल का माहौल बना हुआ है। विभागीय अधिकारी अभी किसी भी तरह की आधिकारिक जानकारी देने से बच रहे हैं।

हिंदू सनातनी योद्धाओं ने निकाली विशाल रैली

# आईएएस संतोष वर्मा द्वारा अभद्र टिप्पणी के विरोध में नौगांव बंद

**नौगांव। आईएएस संतोष बर्मा द्वारा की गई कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में मंगलवार को नौगांव पूरी तरह बंद रहा। हिंदू सनातनी योद्धा संगठन के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतरे और शांतिपूर्ण रैली निकालकर विरोध दर्ज कराया। नगर के बाजार, दुकानें एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठान स्वेच्छा से बंद रहे और व्यापारियों ने भी आंदोलन को पूरा समर्थन दिया।**



रैली नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए धरना स्थल पर पहुंची, जहां प्रदर्शनकारियों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रशासन से मांग की कि आईएएस संतोष बर्मा के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए। प्रदर्शन के मद्देनजर पुलिस बल की विशेष व्यवस्था की गई थी। सुरक्षा व्यवस्था के बीच रैली शांतिपूर्वक संपन्न हुई और किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक आईएएस संतोष बर्मा पर कार्रवाई नहीं होती, उनका आंदोलन जारी रहेगा।

पिपट की उचित मूल्य दुकान पर बड़ा घोटाला

# सेल्समैन पर कम तौलकर राशन देने व वसूली के आरोप, वर्षों से चल रहा खेल

**छतरपुर। बिजावर विधानसभा के पिपट थानांतर्गत जमुनियापुरवा गांव की पिपट सेवा सहकारी समिति की शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। सेल्समैन बबलू दीक्षित पर ग्रामीणों ने कम तौलकर राशन देने, मशीन से मैसेज न भेजने और प्रति व्यक्ति वसूली जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह खेल कई वर्षों से चल रहा है, लेकिन शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं होती।**



सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें दुकान के बाहर तीन इलेक्ट्रॉनिक कांटे रखे नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों ने कई बोरियों की तौल कर वीडियो बनाया। एक तराजू पर गेहूं की बोरी का वजन 24.770 किलो, दूसरे पर 25.200 किलो और तीसरे पर 24.600 किलो दिखा। ग्रामीणों के अनुसार प्रति व्यक्ति 700 से 800 ग्राम तक राशन कम दिया जा रहा है। कई परिवारों ने बताया कि पिछले महीने उन्हें सिर्फ 4 किलो गेहूं मिला। ग्रामीण जीतेंद्र सिंह बुंदेला ने बताया कि वे जब राशन लेने पहुंचे तो तीनों कांटों में अंतर पाए गए। हर परमिट धारक से मजदूरी के नाम पर 10 भी वसूले जाते हैं। लोगों का कहना है कि मशीन खराब बताकर मैसेज नहीं भेजे जाते, जिससे यह पता नहीं चल पाता कि किसे कितना राशन मिला। जानकारी मांगे जाने पर भी सेल्समैन स्पष्ट जानकारी नहीं देता। ग्रामीणों का आरोप है कि दुकान संचालक को क्षेत्रीय नेताओं का संरक्षण मिलने के कारण प्रशासन कार्रवाई करने से बचता है। पहले भी कई बार शिकायत की गई, विरोध भी हुआ, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। अब वीडियो सामने आने के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# तहसील में महिला का हाई वोल्टेज ड्रामा, सरकारी जमीन पर कब्ज़े के विवाद को लेकर हंगामा

छतरपुर।

**तहसील परिसर में गुरूवार दोपहर एक महिला द्वारा वस्त्र उतारकर साड़ी से फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या का प्रयास किए जाने से हड़कंप मच गया। करीब 30 मिनट तक चले इस हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को समझाइश देकर शांत कराया गया।**



देरी गांव निवासी प्रभा यादव पति चतुर यादव ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत धोरी के जेयपुर (जनकपुर) में उनके पति चतुर यादव के खसरा नंबर 378/1/2 की डेढ़ एकड़ निजी जमीन से लगी लगभग 1.25 एकड़ शासकीय भूमि पर उनका कब्जा है, लेकिन पटवारी और बाबुओं ने कथित रूप से इस जमीन में से आधा एकड़ हिस्से को प्राइवेट नाम पर दर्ज कर दिया है। साथ ही उनके परिवार के प्रतिपाल यादव और भन्तु यादव आए दिन इस मामले को लेकर विवाद तथा मारपीट करते हैं। महिला का कहना है कि वह पिछले 7 वर्षों से तहसील और जनप्रतिनिधियों के चक्कर काट रही है, लेकिन उसे न्याय नहीं मिल रहा है।

वर्तमान में मौजा में पदस्थ पटवारी सौरभ शर्मा पर भी महिला ने गंभीर आरोप लगाए। इस हंगामे की सूचना मिलते ही एसडीएम अखिल राठौर और तहसीलदार पीयूष दीक्षित मौके पर पहुंचे और थाना कोतवाली को सूचित किया। एसडीएम अखिल राठौर ने बताया कि प्रभा यादव की निजी जमीन जैयपुर मौजा में है, लेकिन जिस भूमि पर वह कब्जे के आधार पर पट्टा और भू-स्वामी अधिकार की मांग कर रही हैं, वह मध्य प्रदेश शासन की शासकीय भूमि है। खसरा नंबर 380/6 रकबा 0.502 हे0 और खसरा नंबर 879 रकबा 0.118 हे0 शासकीय भूमि है, जिस पर चतुर यादव द्वारा कब्जा किया गया है। न तो इस संबंध में कोई केस एसडीएम कोर्ट में लंबित है और न ही महिला को कोई नोटिस जारी किया गया है। मामले की जांच दस्तावेजों के आधार पर की जाएगी। महिला ने बताया कि उसने मुख्यमंत्री मोहन यादव के कार्यालय में भी मुलाकात की थी, जहां से उसे आश्वासन मिला था। कलेक्टर द्वारा भी एसडीएम से मिलने को कहा गया था, लेकिन अब तक उसकी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। महिला का आरोप है कि शासकीय जमीन की नपती गलत की गई है और आधा एकड़ भूमि गलत तरीके से निजी नाम पर दर्ज कर दी गई है। महिला पुलिस ने हस्तक्षेप कर स्थिति को नियंत्रित किया और महिला को समझाकर तहसील परिसर से हटाया।

# मेले में गुम हुए 3 बच्चों को पुलिस ने परिजनों से मिलवाया

लवकुशनगर।

**अनुविभाग अंतर्गत वैदेही बाबा मंदिर मेला परिसर एवं मंदिर क्षेत्र में सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था की दृष्टि से आवश्यक पुलिस प्रबंध किए गए हैं। पुलिस बल मेला स्थल पर तैनात एवं निरंतर भ्रमणशील है।**



इसी दौरान पुलिस सहायता केंद्र पर पृथक पृथक समय पर तीन बच्चे गुम हुए, जिसमें 04 वर्षीय बालक बेटा पिता महावीर राजपूत निवासी बारीगढ, 04 वर्षीय बालिका आयुषी पिता रविंद्र अनुरागी निवासी लवकुश नगर, 06 वर्षीय बालक अर्पित पिता मोहित प्रजापति निवासी करैया थाना मोदाहा उत्तर, मेला घूमने के दौरान वे अपने परिजनों से बिछड़ गए हैं। पुलिस टीम द्वारा तत्परता से केंद्र से अनाउंसमेंट करवाया गया। पुलिस टीम द्वारा मेला परिसर एवं क्षेत्र में भ्रमण कर तलाश किया गया।

परिजनों के बिछडने पर 4 वर्षीय बालक रो रहा था महिला पुलिस अधिकारी द्वारा स्नेहपूर्वक संरक्षण में लेकर खिलौने, खान पान इत्यादि की व्यवस्था की गई। पुलिस की कार्यवाही से मात्र कुछ ही समय के भीतर तीनों बालक-बालिकाएं मिल गए, जिन्हें विधिवत परिजनों को सुपुर्द किया गया। परिजनों ने पुलिस की त्वरित कार्यवाही के लिए आभार व्यक्त किया। इस त्वरित कार्यवाही में थाना प्रभारी जुझारनगर उप निरीक्षक राजेन्द्र सिंह, सहायक उप निरीक्षक राम प्रसाद, आरक्षक विनोद, सतीश सिंह, महिला आरक्षक नेहा रघुवंशी एवं पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।

# हिंडालको महान में मानवाधिकार दिवस पर वृहद कार्यशाला का आयोजन

**हिंडालको महान में 10 दिसंबर को मानवाधिकार दिवस के अवसर पर एचआर कम्युनिकेशन हॉल में एक वृहद कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में संस्थान के इंजीनियर, अधिकारी, कर्मचारी, शीर्ष प्रबंधक सहित बड़ी संख्या में संविदा कर्मियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मानवाधिकार दिवस की महत्वत्ता को रेखांकित करते हुए केक काटकर की गई। इसके बाद सभी प्रतिभागियों ने मानवाधिकारों के नियमों और सिद्धांतों का पालन करने की शपथ ली।**



**इकाई प्रमुख सेंथिल नाथ का संबोधन**

इकाई प्रमुख सेंथिल नाथ ने मानवाधिकारों को कार्यस्थल की गरिमा, सुरक्षा और समानता का मूल आधार बताया। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान की असली मजबूती उसके लोग होते हैं, और सम्मान व बिना भेदभाव का वातावरण संस्थान की प्रगति को गति देता है।

**मानव संसाधन प्रमुख डॉ. विवेकानंद मिश्रा का संदेश**

मानव संसाधन प्रमुख डॉ. विवेकानंद मिश्रा ने कहा कि मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता किसी संगठन की जिम्मेदार और संवेदनशील संस्कृति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि समान अवसर, सुरक्षित माहौल और गरिमापूर्ण व्यवहार हिंडालको महान की प्राथमिकता है, और हर कर्मचारी इसका अभिन्न हिस्सा है।

**कार्मिक विभाग के विभाग प्रमुख जमाल अहमद का आभार वक्तव्य**

कार्मिक विभाग के विभाग प्रमुख जमाल अहमद ने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल होने के लिए सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार केवल अधिकारों की बात नहीं करते, बल्कि यह हमें एक-दूसरे के प्रति जिम्मेदार और संवेदनशील बनने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर समानता, सम्मान और सहयोग ही एक स्वस्थ और प्रगतिशील माहौल की नींव रखते हैं।

**कार्यक्रम का संचालन**

कार्यक्रम का सफल संचालन मनीष सिंह ने किया। एचआर टीम ने इस कार्यशाला को सुव्यवस्थित तरीके से आयोजित किया, जिसमें प्रतिभागियों को अधिकारों के साथ-साथ उनके कर्तव्यों और व्यवहारिक अनुपालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। यह आयोजन हिंडालको महान की समानता, समावेशिता और मानव गरिमा के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# सहायिका पद पर फर्जी चयन का आरोप आवेदिकाओं ने की जांच की मांग

कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, चयन प्रक्रिया पर उठे सवाल

छतरपुर।

**आंगनबाड़ी केंद्रों में सहायिका पद पर चयन को लेकर गंभीर अनियमितताओं का मामला उजागर हुआ है। ग्राम लोधिनपुरवा निवासी कल्पना राजपूत सहित 2 आवेदकों ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर पूरी प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। आवेदकों का आरोप है कि ग्राम पंचायत और परियोजना अधिकारियों ने नियमों को दरकिनार करते हुए पैसे लेकर बाहरी महिलाओं को सूची में शामिल कर लिया।**



कल्पना राजपूत ने बताया कि सहायिका पद के लिए वर्ष 2023 में हुए चयन में उनका नाम सूची में प्रथम स्थान पर था और वे उसी गांव की स्थायी निवासी हैं। बावजूद इसके चयन के समय उन्हें बाहर कर दूसरी महिला का नाम जोड़ दिया गया। उनका आरोप है कि चयनित प्रत्याशी सत्यप्रभा यादव न तो ग्राम पंचायत बकस्वाहा क्षेत्र की निवासी हैं, और न ही उनका निवास प्रमाण पत्र नियमों के अनुरूप है। इसके बावजूद समिति ने कथित रूप से मनमानी करके उनका चयन कर लिया। इसी तरह कुंवरपुर निवासी अवधेशा राजपूत के परिजन जयपाल राजपूत ने बताया कि अवधेशा का चयन पहले हो चुका था, लेकिन जिले में फाइल पहुंचते ही अधिकारियों ने कथित रूप से अंक कम करके उनका नाम हटाकर दूसरी महिला को लाभ पहुंचा दिया। ग्रामीणों का कहना है कि गरीबी रेखा के अंक, स्थानीयता और निवास जैसे महत्वपूर्ण मापदंडों की अनदेखी की गई है, जो स्पष्ट रूप से शासन के क्च-12 निर्देशों का उल्लंघन है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि चयन प्रक्रिया में पैसे का लेन-देन हुआ है और गांव के पात्र आवेदकों को जानबूझकर बाहर कर दिया गया। इस संबंध में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी दिनेश दीक्षित से सम्पर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

## खबर संक्षेप

### वनाधिकार समिति की बैठक आज

रीवा। कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में 12 दिसम्बर को जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 बजे आरंभ होगी। बैठक में वनाधिकार अधिनियम के तहत अमान्य दावों तथा नए दर्ज प्रकरणों पर विचार किया जाएगा। समिति के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

### भावांतर योजना में सोयाबीन का मॉडल रेट 4207 रुपए जारी

रीवा। भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए मॉडल रेट नियमित रूप से जारी किया जा रहा है। गुरुवार 11 दिसंबर को 4207 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। मॉडल रेट और न्यूनतम समर्थन मूल्य के भावांतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है। सोयाबीन का पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए, 12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपए, 14 नवंबर को 4184 रुपए, 15 नवंबर को 4225 रुपए, 16 नवंबर को 4234 रुपए, 17 नवंबर को 4236 रुपए, 18 नवंबर को 4255 रुपए, 19 नवंबर को 4263 रुपए, 20 नवंबर को 4267 रुपए, 21 नवंबर को 4271 रुपए, 22 नवंबर को 4285 रुपए, 23 एवं 24 नवंबर को 4282 रुपए, 25 नवंबर को 4277 रुपए, 26 नवंबर को 4265 रुपए, 27 नवंबर को 4252 रुपए, 28 नवंबर को 4260 रुपए, 29 नवंबर को 4240 रुपए और 30 नवंबर को 4237 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया था। इसी तरह 1 दिसंबर को 4239 रुपए, 2 दिसंबर को 4235 रुपए, 3 दिसंबर को 4240 रुपए, 4 दिसंबर को 4235 रुपए, 5 दिसंबर को 4230 रुपए, 6 दिसंबर को 4217 रुपए, 7 दिसंबर को 4222 रुपए, 8 दिसंबर को 4219 रुपए, 9 दिसंबर को 4217 रुपए और 10 दिसंबर को 4210 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ था। राज्य सरकार की गारंटी है कि किसानों को हर हाल में सोयाबीन के न्यूनतम समर्थन मूल्य की 5328 रुपए प्रति क्विंटल की राशि मिलेगी।

### दो गुटों में हुए विवाद के बाद चला चाकू

रीवा। केंद्रीय विद्यालय के छात्र गुटों में बुधवार को गंभीर वारदात सामने आई। एक गुट के छात्रों ने दूसरे गुट के छात्र पर चाकू से हमला कर दिया जिससे घायल छात्र को संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 और 2 के छात्रों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, इस बीच एक छात्र विवाद शांत कराने पहुंचा तो उस पर चाकू से हमला कर दिया गया। बताया गया केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 का छात्र अरविंद प्रताप सिंह घटना में घायल हुआ है। जिसे उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि यह विवाद केंद्रीय विद्यालय के क्रमांक एक और दो में पढने वाले छात्र गुटों के बीच हुआ। घटना के संबंध में घायल छात्र के साथ पहुंचे दूसरे छात्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 में पढने वाले कक्षा 11वीं और 12वीं के चार छात्र स्कूटी में सवार होकर किसी को मारने पहुंचे थे, तभी घायल छात्र ने विवाद को शांत करा दिया और इसी बीच स्कूटी सवार छात्रों ने उस पर चाकू से हमला किया और मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना के बाद विश्वविद्यालय पुलिस प्रकरण पंजीबद्ध कर पूरे मामले की जांच कर रही है।

## सोहागी थाना क्षेत्र के कोनिया कला गांव के पास हुआ हादसा

# ट्रैक्टर बाइक की टक्कर, तीन की मौत

सोहागी थाना क्षेत्र के चिल्ला मार्ग पर स्थित कोनिया कला गांव में बुधवार की शाम दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। धान खरीदी केंद्र जा रहा ट्रैक्टर से बाइक सवार टकरा गए। वहीं इस हादसे में बाइक सवार दो युवक सहित एक महिला की मौत हो गई है। ट्रैक्टर का पहिया बाइक सवारों के ऊपर से गुजर गया जिससे मौके पर ही तीनों की जान चली गई।



रीवा।

त्योंथर से बाइक सवार अपने घर जा रहे थे। घटना की जानकारी के बाद मौके पर सोहागी थाना प्रभारी पवन शुक्ला सहित पुलिस टीम पहुंची और दुर्घटना कारित करने वाले ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है, जबकि चालक मौके से फरार हो गया है। मृतकों की डेड बॉडी पुलिस ने अस्पताल की मर्चुरी में रखवाई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बाइक में सवार होकर कमलेश कोल 19 वर्ष निवासी भुनगांव, सीता कोल निवासी लखवार थाना जनेह व धर्मपाल कोल 35 वर्ष निवासी लखवार अपने घर जा रहे थे, जैसे ही तीनों कोनिया कला मोड़ के पास पहुंचे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया और कुचलते हुए निकल गया। मृतकों की डेड बॉडी को पुलिस ने त्योंथर सिविल अस्पताल की मर्चुरी में रखवाया है।लापरवाही ने ली जानसडक़ हादसे में बाइक सवारों की मौत के बार फिर बड़ी लापरवाही सामने आई है। बताया जा रहा है कि इस समय धान खरीदी जोरों पर चल रही है। तराई अंचल में ट्रैक्टर चालक काफी तेज रफ्तार से ड्राइविंग करते हैं, पूर्व में भी ऐसी लापपरवाही ने कई लोगों की जान ले ली है, ट्रैक्टर चालकों के लाइसेंस तक नहीं चेक किए जाते। बताया गया कि कम उम्र का लडक़ा ट्रैक्टर तेज रफ्तार से चला रहा था और उसमें धान भी लोड थी जो खरीदी केंद्र ले जाई जा रही थी, जहां रास्ते में उसने बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया और तीनों की मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर अब पूरे मामले की जांच कर रही है। दो ट्रकों की आपस में टक्कर, चालक की मौत सोहागी पहाड़ में मंगलवार की रात फिर भीषण सडक़ हादसा हुआ। पीछे से आ रहा ट्रक आगे जा रहे ट्रक से टकरा गया। हादसे में ट्रक चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मृतक चालक की पहचान शहनबाज खान पिता शहीद अहमद खान 35 वर्ष निवासी मुजफ्फरपुर के रूप में की गई है। आशंका जताई गई है कि ब्रेक फेल होने से ट्रक आगे चल रहे दूसरे ट्रक से जा टकराया, जिससे उसमें सवार चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने ट्रक को काटकर चालक के शव को बाहर निकलवाया जिसे पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया गया, जहां पीएम के बाद बुधवार को मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया गया। बताया गया कि रीवा की ओर से ट्रक गिट्टी लोड करके प्रयागराज की ओर जा रहा था। मंगलवार की रात करीब 9.30 बजे ट्रक जैसे ही सोहागी पहाड़ से नीचे उतरने लगा तभी अचानक उसका ब्रेक फेल हो गया, इस दौरान तेज गति से दौड़ रहा ट्रक सामने चल रहे दूसरे ट्रक से जा टकराया। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार चालक अंदर ही फंस गया, और उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक में फंसे हुए ड्राइवर के शव को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू शुरू किया और करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने किसी तरह से शव को बाहर निकलवाया जिसे पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया गया।

## धान परिवहन में लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें - कलेक्टर

### उपार्जित धान का तत्काल स्वीकृति पत्रक जारी कर भुगतान कराएं

रीवा।



कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित जिला उपार्जन समिति की बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि उपार्जित धान का किसानों को समय पर भुगतान कराएं। खरीदी केन्द्र से धान का सुरक्षित भण्डारण कराकर स्वीकृति पत्र जारी करें। आगामी दो दिवसों में उपार्जित धान की राशि का शत-प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित करें। महाप्रबंधक सहकारी बैंक, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम, जिला आपूर्ति अधिकारी तथा जिला प्रबंधक वेयर हाउस उपार्जन के संबंध में समन्वय से समस्त कार्यवाहियाँ करें। धान के उपार्जन में किसानों को किसी भी तरह की परेशानी न हो। कलेक्टर ने कहा कि जो खरीदी केन्द्र वेयरहाउस में बनाए गए हैं उनके स्वीकृति पत्र खरीदी के दिन ही जारी कराएं, जिससे किसानों को भुगतान हो सके। सहकारी समितियों में लगभग 50 हजार क्विंटल धान की खरीद हो चुकी है। परिवहनकर्ता से दो दिवस में पूरी धान का परिवहन कराकर सुरक्षित भण्डारण कराएं। धान के परिवहन में देरी करने पर किसानों को भुगतान में देरी होती है। परिवहनकर्ता पर्याप्त ट्रक लगाकर तत्काल धान का उठाव कराएं। धान के परिवहन में लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्यवाही करें। अपर कलेक्टर तथा अन्य राजस्व अधिकारी खरीदी केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करें। कृषि विभाग तथा खाद्य विभाग के अधिकारी भी धान उपार्जन की निगरानी करें। कलेक्टर ने कहा कि सभी खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध करा दें। केवल निर्धारित गुणवत्ता का धान ही उपार्जन करें। किसानों को सूखी और साफ-सुथरी धान उपार्जन के लिए उपलब्ध कराने की समझाइश दें। खरीदी केन्द्र में केवल पंजीकृत किसान की ही धान ली जाएगी। इसे सुनिश्चित करें। धान उपार्जन में अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही के लिए तैयार रहें। बैठक में महाप्रबंधक सहकारी बैंक ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि रविवार तक उपार्जित धान की 85 प्रतिशत राशि का भुगतान कर दिया जाएगा। भुगतान के लिए टीम तैनात कर दी गई है। जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश ताण्डेकर ने बताया कि दो दिन में पूरी धान का उठाव करके सुरक्षित भण्डारण कराया जाएगा। स्वीकृति पत्रक जारी करने के लिए अतिरिक्त व्यवस्था कर दी गई है। बैठक में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी तथा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## सीएम राइज़ स्कूल मनगवां में जल संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



रीवा।

नगर परिषद मनगवां के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (सी.एम. राइज़ स्कूल) में मध्यप्रदेश शहरी सेवा उन्नयन परियोजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
कार्यक्रम में लगभग 400 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को जल संरक्षण एवं शुद्ध जल के स्वास्थ्य लाभ के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उन्हें मीटर इंस्टालेशन की प्रक्रिया, उसके उचित रख-रखाव तथा इंस्टॉलेशन के दौरान संबंधित स्टाफ को सहयोग प्रदान करने के संबंध में भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय प्राचार्य का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम का प्रभावी समन्वय सीडीओ शैलेश कुमार तिवारी द्वारा किया गया। सिविल इंजीनियर, सोशल सेफगार्ड प्रोफेशनल एवं ईएचएस ऑफिसर का भी सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ।

## एनएसयूआई का प्रदर्शन राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी का किया पुतला दहन



रीवा।

एनएसयूआई जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में गांजा तस्करी मामले में राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी के भाई का नाम आने पर प्रतिमा बागरी का पुतला दहन किया गया सरकार पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है, जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने बताया कि मध्य प्रदेश की राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी के भाई का नाम एक कथित गांजा तस्करी मामले में आने के बाद पुतला दहन किया गया और सरकार से इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की गई है पंकज उपाध्याय ने कहा कि सरकार मामले को दबाने की कोशिश कर रही है और अभी तक कोई स्पष्ट कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही। युवा लगातार नशे के दुष्परिणामों से लड़ रहे हैं, लेकिन सत्ता में बैठे लोगों के भाई-भतीजे ही ऐसे मामलों में सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा जब तक सरकार निष्पक्ष जांच नहीं कराती, हम चुप नहीं बैठेंगे। मंत्री इस्तीफे दें और आरोपी पर कड़ी कार्रवाई हो। पुतला दहन में प्रमुख रूप से युवा कांग्रेस रीवा विधानसभा उपाध्यक्ष शिवम् मिश्रा एनएसयूआई प्रदेश सह सचिव निकिता शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सत्यम मिश्रा, रॉबिंसन साकेत टिंकू,संगठन मंत्री शशिमोल तिवारी,रीवा विधानसभा अध्यक्ष संस्कार त्रिपाठी टीआरएस कॉलेज इकाई अध्यक्ष नित्कर्ष मिश्रा, सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष अनुराग सिंह ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह जिला सचिव अमर शुक्ला, सानुराग सिंह आदि सैकड़ो कि संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दीपावली को विश्व धरोहर घोषित होने यूनेस्को को हिन्दू धर्म परिषद का धन्यवाद

रीवा।

भारतीय त्यौहारो, उत्सवों एवं संस्कारों को अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर जो सम्मान दिया जा रहा है उसमें दीपावली को भी यूनेस्को द्वारा अमूर्त विश्व धरोहर घोषित किये जाने पर हिन्दू धर्म परिषद ने धन्यवाद ज्ञापित किया है। अभी तक दुर्गा पूजा, कुंभ मेला, रामलीला, हाऊ नृत्य के साथ वैदिक मंत्रोच्चार को यह सम्मान प्राप्त था। समूचे विश्व में प्रवासी भारतीयों द्वारा दीपावली को बड़े पैमाने पर धूमधाम से मनाया जाता है। अंतराष्ट्रीय मंच पर भारतीय संस्कृति एवं परम्पराओं की गरिमा स्थापित होने पर हिन्दू धर्म परिषद के संस्थापक नारायण डिगवानी, डॉ सी बी शुक्ला, डॉ के के परौहा, डॉ ज्योति सिंह, डॉ राहुल मिश्रा, विजय मोहन तिवारी संरक्षक,



रश्मी शुक्ला, अवधेश श्रीवास्तव, डॉ देवेश कुमार सोनी, इंजी राजेश श्रीवास्तव, डी पी सिंह परिहार, रामकृष्ण अग्रवाल, डॉ नरेश बजाज, डॉ गीता शुक्ला गीत, पियूष त्रिवेदी, अवनीश शर्मा, डॉ विनोद तिवारी के साथ अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, महिला अध्यक्ष ममता नरेन्द्र सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ सरोज सोनी ने हर्ष व्यक्त करते हुये घोषणा का स्वागत किया है। यह जानकारी परिषद के संयोजक सुमित मॉजवानी ने देते हुये बताया कि भारत में मनाये जाने वाले गणेश महोत्सव को भी सम्मान श्रेणी में जल्द शामिल किये जाने की प्रबल संभावना है।

## गांधी स्मारक चिकित्सालय एक बार फिर प्रसूता की मौत

### अस्पताल पर फिर लापरवाही के आरोप, नवजात सुरक्षित, एक अन्य महिला की हालत नाजुक, गायनी विभाग में आपसी खींचतान और इस्तीफे के सिलसिले ने बिगाड़ी व्यवस्थाएं

रीवा। रीवा के गांधी स्मारक चिकित्सालय में बुधवार देर रात एक बार फिर प्रसूता की मौत का मामला सामने आया है। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाते हुए कहा कि समय पर सही उपचार न मिलने से महिला की जान चली गई। हालांकि नवजात सुरक्षित है, लेकिन उसकी मां शशि मिश्रा (26) की मौत से परिवार में मातम फैल गया है। जानकारी के अनुसार, रीवा जिले के पनवार गांव की रहने वाली शशि मिश्रा को पूर्ण रूप से स्वस्थ अवस्था में प्रसव के लिए अस्पताल लाया गया था। परिवार को उम्मीद थी कि कुछ देर में बच्चे की किलकारियाँ गूंजेंगी, लेकिन ऑपरेशन के बाद महिला की हालत अचानक बिगड़ गई। बताया जा रहा है कि ऑपरेशन सफल बताया गया, लेकिन कुछ देर बाद शशि को सीने में तीव्र दर्द हुआ और सांस लेने में तकलीफ बढ़ने लगी। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हाल ही में भी प्रसूता और नवजात की मौत का मामला सामने आने के बावजूद अस्पताल प्रशासन ने गंभीरता नहीं दिखाई। लगातार बढ़ रहे ऐसे मामलों ने अस्पताल की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।तीन साल पहले हुआ था विवाहबता दे 3 साल पहले शशि मिश्रा का विवाह हुआ था घर में नए सदस्य के स्वागत की तैयारी थी, लेकिन बच्चे की पहली रोने की आवाज़ मातम के माहौल में बदल गई। परिवार का कहना है कि जिस अस्पताल में वे खुशियाँ लेने आए थे, वहीं से उन्हें जिंदगी भर का दर्द मिला। नवजात अब मां के साये से वंचित हो गया है। वही इसी अस्पताल में बुधवार को एक अन्य महिला का भी ऑपरेशन हुआ था, जिसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। वह जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है। वहीं अस्पताल प्रबंधन ने लापरवाही से साफ इनकार किया है। उनका कहना है कि ऑपरेशन सामान्य प्रक्रिया के तहत हुआ था, लेकिन बाद में प्रसूता की तबीयत अचानक बिगड़ गई। हर बार की तरह इस घटना में भी अस्पताल प्रबंधन ने जांच की बात कहकर मामला आगे बढ़ा दिया है।

## जन सुरक्षा अभियान बना गरीबों का सहारा - संतोष मिश्र

मऊगंज। जिले की ग्राम पंचायत चकरहन टोला के सचिव लक्ष्मी नारायण कुशवाहा द्वारा वित्तीय साक्षरता सामुदायिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि असिस्टेंट काउंसलर वित्तीय साक्षरता (आरोह फाउंडेशन) संतोष कुमार मिश्र रहे वही कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत के सरपंच राजेश प्रताप सिंह ने किया तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर आशा सुपरवाइजर सविता पटेल एवं परामर्शदाता मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद पवन गौतम शिक्षक रियाज अहमद उपस्थित रहे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मिश्र ने ग्राम पंचायत की जनता का अभिनंदन कर सरकार की विभिन्न योजनाओं की बिंदु बार जानकारी दी सर्वप्रथम बैंक के खाता के महत्व के बारे में जानकारी दी गई वर्तमान में सरकार द्वारा ऐसी व्यवस्था की गई है कि किसी भी हितग्राही का पैसा डायरेक्ट उसके खाते में ही जाए इसलिए बैंक में खाता होना बहुत आवश्यक है उससे कई फायदे होते हैं सरकारी योजना का लाभ भी मिलता है और बचत भी होती है इसके साथ-साथ चोरी का भी डर नहीं रहता परंतु बहुत ऐसे खातेधारक हैं जिन्होंने अपने खाते में केवाईसी या नॉमिनी नहीं कराए हैं जिसके वजह से शासकीय योजना को प्राप्त करने में कभी-कभी विसंगति हो जाती है इसलिए अपने-अपने खाते में केवाईसी अवश्य कार्यालय और नॉमिनी का फॉर्म जरूर भर दें नॉमिनी ना होने से जब खाते धारक की मृत्यु हो जाती है तो उनके परिवार को पैसा लेने में काफी परेशानियां होती हैं इसलिए समय रहते बैंक में जाकर नॉमिनी का फॉर्म अवश्य भर दें खाते में मोबाइल नंबर बहुत कम लोगों का दर्ज है इस वजह से खाते की जानकारी समय-समय पर नहीं मिल पाती है और जब आपका नंबर खाता में दर्ज रहेगी तो पैसा आने पर एवं निकासी होने पर मैसेज के माध्यम से जानकारी मिल जाएगी इसके लिए आपको पासबुक चढ़ाने की लाइन में नहीं खड़ा होना पड़ेगा आरबीआई द्वारा एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है जिन खातों में 10 वर्ष तक लगातार लेनदेन होने की वजह से उसका जमा पैसा आरबीआई को चला जाता था यदि किसी का पैसा गया है तो तत्काल अपने बैंक में जाकर रिकार्ड



सहित आवेदन प्रस्तुत करें आरबीआई मैं ब्याज सहित पूरा पैसा वापस करेगी इससे बहुत सारे लोगों को फायदा होगा मऊगंज जिले में यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान खुला है वहां पर गरीबी रेखा के अंतर्गत जीवन यापन करने वाले परिवारों को निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है वह पूरी तरह से फ्री है यहां तक की नाश्ता एवं भोजन भी शासन के तरफ से है 18 वर्ष से 45 वर्ष के बीच वहां एडमिशन लेकर एक महीने का प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं आवश्यक प्रमाण पत्र के आधार पर बैंक से लोन लेकर अपना छोटा-मोटा व्यवसाय शुरू कर सकते हैं जिन छात्र एवं छात्राओं का कक्षा 12 में 85% से ऊपर रिजल्ट है और उनके माता एवं पिताजी के पास कोई शासकीय नौकरी या जमीन नहीं है ऐसे बच्चों को चार लाख 50000 बैंक से बिना गारंटी के दिए जाते हैं उसको लेकर पढ़ाई पढ़ें और आत्मनिर्भर होने के बाद बैंक का पैसा धीरे-धीरे करके अदा कर दें सरकार द्वारा जन सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है जिसमें प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा सहित अटल पेंशन योजना की व्यवस्था की गई है बीमा परिवार के लिए होता है लेकिन पेंशन अपने लिए होती है जो कि बुढ़ापे में सहारा होती है 20 साल भर में खर्च करके प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा कर ले यदि आप हैं तो बड़ी अच्छी बात है लेकिन यदि आकस्मिक दुर्घटना में मृत्यु हो गई तो नॉमिनी को बैंक के माध्यम से 200000 मिलेंगे जो की एक गरीब परिवार के लिए बहुत बड़ी मदद होगी जीवन ज्योति बीमा 18 से 50 साल तक के हर महिला पुरुष कर सकते हैं यह किसी भी तरह की मृत्यु होने पर नॉमिनी को 200000 बैंक के माध्यम से मिलेंगे अटल पेंशन योजना 18 वर्ष से 40 वर्ष के बीच के लोग पेंशन कर सकते हैं।

## फेस संस्था द्वारा सी.पी.आर. वर्कशॉप का हुआ आयोजित



मऊगंज। कलेक्ट्रेट सभागार एंव पुलिस कंट्रोल रूम में सी.पी.आर. वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था की मास्टर ट्रेनर डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी ने सी.पी.आर. पद्धति की सूक्ष्म एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान की। उनकी टीम ने डेमो के माध्यम से सी.पी.आर. प्रक्रिया को सरल तरीके से समझाया।कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक मऊगंज ने जनहित में किए जा रहे इस प्रयास की सराहना करते हुए ऐसे प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताया।पिछले एक माह से डॉ. चतुर्वेदी द्वारा जीवन संजीवनी अभियान के अंतर्गत विभिन्न शासकीय/अशासकीय विभागों, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में लगातार प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं, जिससे आमजन को इस जीवनरक्षक तकनीक के प्रति जागरूक किया जा रहा है।डॉ. चतुर्वेदी की यह पहल निस्संदेह किसी जरूरतमंद के जीवन के लिए संजीवनी सिद्ध हो सकती है। जनहित में उनके इस महत्वपूर्ण योगदान की जिला प्रशासन द्वारा प्रशंसा की गई। इस कार्यक्रम में संस्था से प्रमुख रूप से डिप्टी मैनेजर एवं एच.आर. मैनेजर श्री जितेन्द्र कुमार गर्ग, असिस्टेंट मैनेजर नीरज कुमार पाण्डेय, प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर मुस्कान त्रिवेदी एवं एच.आर. एग्जीक्यूटिव प्राची मिश्रा की उपस्थिति रही।